INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8th (3rd Lang)	**Department: Hindi**	**Date: 01/05/2023**
Q. Bank & Grammar	Topic: डॉक्टरी **(कहानी)** व्याकरण-उपसर्ग,प्रत्यय,अनेकार्थी,मुहावरे	**Note: Pls. check with your class work**

अति लघु प्रश्न-उत्तर

प्रश्न1- विश्वंभर बाबू कौन थे ?

उ- विश्वंभर बाबू एक डॉक्टर थे |

प्रश्न2- विश्वंभर बाबू किस पर सवार होकर जा रहे थे ?

उ- विश्वंभर बाबू पालकी पर सवार होकर जा रहे थे |

प्रश्न3- विष्णुपुर में विश्वंभर बाबू पर किसने हमला कर दिया था ?

उ- विष्णुपुर में विश्वंभर बाबू पर डाकुओं ने हमला कर दिया था |

प्रश्न4- कहार किसे देखते ही डरकर भाग गए?

उ- कहार डाकुओं को देखते ही डरकर भाग गए |

प्रश्न5- कहारों का सरदार कौन था?

उ- कहारों का सरदार बुद्धू था|

लघु प्रश्न-उत्तर

प्रश्न1- विश्वंभर बाबू और शंभू ने मिलकर डाकुओं के साथ क्या किया ?

उ- विश्वंभर बाबू और शंभू ने मिलकर डाकुओं की मरहम पट्टी की, इस तरह उनकी सेवा की |

प्रश्न2- विश्वंभर बाबू ने घायल डाकुओं की मरहम पट्टी क्यों की ?

उ- विश्वंभर बाबू ने घायल डाकुओं की मरहम पट्टी की क्योंकि वह एक डॉक्टर थे और डॉक्टर का यह कर्तव्य होता है कि घायल का इलाज करे|

प्रश्न3- डॉक्टरी कहानी का प्रमुख पात्र आप किसे मानते हैं और क्यों ?

उ- डॉक्टरी कहानी के प्रमुख पात्र डॉक्टर विश्वंभर बाबू हैं, क्योंकि यह कहानी उनके ही कर्तव्य पर आधारित है और उन्होंने अपना कर्तव्य अच्छी तरह से निभाया|

दीर्घ प्रश्न-उत्तर

प्रश्न1- विश्वंभर बाबू कहाँ जा रहे थे और क्यों ?

उ- विश्वंभर बाबू एक डॉक्टर थे| वह सप्तग्राम जा रहे थे क्योंकि वहाँ के स्टेशन मास्टर मधु विश्वास का छोटा लड़का बीमार था और उसका इलाज करना बहुत ज़रूरी था|

प्रश्न2- शंभू का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में कीजिए|

3- शंभू डॉक्टर विश्वंभर बाबू का नौकर था| वह बलवान और निडर आदमी था| उसके हाथ में सदैव एक मोटा डंडा रहता था|जब डॉक्टर साहब पर डाकू हमला करने वाले थे तब उसने डाकुओं की जमकर पिटाई की और उन्हें बचा लिया|

व्याकरण

उपसर्ग - Prefix

1- अभि-	अभिनय	अभिवादन
2- उप-	उपवन	उपयोग
3- सु-	सुगंध	सुविचार
4- अनु-	अनुनय	अनुपम
5- अप-	अपमान	अपयश
6- भर -	भरपेट	भरपूर
7- बहु-	बहुमत	बहुवचन
8- नि-	निडर	निवास

प्रत्यय -Suffix

1-आन-	उड़ान	मिलान
2-आहट-	घबराहट	चिकनाहट
3-इक-	दैनिक	सैनिक
4-आई-	चढ़ाई	पढ़ाई
5-वान-	बलवान	पहलवान
6-मान-	शक्तिमान	बुद्धिमान
7-आस-	मिठास	खटास
8-ईला -	ज़हरीला	शर्मीला

अनेकार्थी

1-अंक -	गोद ,	संख्या
2-आम -	आम का फल, साधारण	
3-मत -	मतदान (Vote), न करना	
4-जलज -	कमल,	मोती
5-अमृत -	सुधा,	दूध
6-काल -	समय,	मृत्यु
7-पूर्व -	पहले ,	एक दिशा
8- गुरू -	शिक्षक,	बड़ा

मुहावरे और अर्थ व वाक्य प्रयोग

1-चहल-पहल होना (रौनक होना)- दीवाली के कारण आज बाजार में चहल-पहल है|
2-एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाना (खूब परिश्रम करना)- परीक्षा में प्रथम आने के लिए उसने एड़ी-चोट का ज़ोर लगा दिया|
3-आँखे खुलना (होश आना)- अब मैं तुम्हारी गलत बातों में नहीं पड़ने वाला हूँ क्योंकि मेरी आँखे खुल गई हैं|

4-आँखों का तारा होना- (बहुत प्रिय)- बच्चे अपने माता-पिता की आँखों के तारे होते हैं|
5-आँखों में धूल झोंकना (धोखा देना)- चोर पुलिस की आँखों में धूल झोंककर भाग गया|
6-आकाश-पाताल का अंतर होना (बहुत अंतर होना)- उन दोनों भाइयों के स्वभाव में आकाश-पाताल का अंतर है|
7-आकाश-पाताल एक करना (बहुत मेहनत करना)- परीक्षा में प्रथम आने के लिए मोहन ने आकाश-पाताल एक कर दिया था|
8- गरम होना- गुस्सा होना- रोहन की दादी जरा-जरा सी बात पर गरम हो जाती है|

--- धन्यवाद ---